प्रादेशिक समाचार
दिनांक–04.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मौसम विभाग ने छह से आठ अगस्त तक संथाल परगना के विभिन्न जिलों में भारी बारिश की जारी की चेतावनी। अगले दो दिनों तक रांची और आसपास के जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी।
2. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आम लोगों से नौ से 15 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव में भाग लेने का किया आह्वान।
3. भाजपा ने लगाया आरोप – राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के चलते आम जनता के अलावा पुलिस और वकील भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।
4. ओलिंपिक में भारतीय हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ब्रिटेन को पेनाल्टी शूटआउट में 4–2 से हराया।

और

5. सावन की तीसरी सोमवारी कल, श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा का किये गए कड़े इंतजाम।

***************

मौसम विभाग ने छह से आठ अगस्त तक संथाल परगना के जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, वहीं रांची और आसपास के जिलों में अगले दो दिनों तक रूक–रूककर बारिश होने का अनुमान है। इधर राजधानी में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से आज लोगों को थोड़ी राहत मिली। हालांकि दिनभर आसमान में बादल छाये रहे और धूप नहीं निकली।

***************

रांची के सांसद और रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ ने आने वाले ठंड के मौसम को देखते हुए वूल बैंक की स्थापना की पहल की है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि नमो बुक बैंक और नमो टॉय बैंक के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन को देखते हुए सभी के सहयोग से वूल बैंक की स्थापना की जाएगी। इस बैंक में लोग साफ सुथरे गर्म कपड़ों को जमा कर सकते हैं। इसका वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया जाएगा।

***************

गुमला जिला पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित 40 मुस्लिम धर्मावलंबियों को रांची हटिया रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। जिले के उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने तीर्थयात्रियों के बस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सात दिवसीय तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम है।

***************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आम लोगों से अपील की है कि वे नौ से 15 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव में भाग लें। केंद्र सरकार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का सर्वोच्च मान रख रही है। सरायकेला – खरसावां जिले के आदित्यपुर में आयोजित एक रक्तदान शिविर में भाग लेते हुए श्री सेठ ने कहा कि इस वर्ष भी 9 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत लोग अपने घर और कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराकर सेना को सम्मान दें।

***************

जमशेदपुर में टाटा मोटर्स कनवाई चालक अपनी मांगों को लेकर विगत कई दिनों से यार्ड के समीप हड़ताल पर बैठे हैं। इसको लेकर जमशेदपुर की अनुमंडल पदाधिकारी पारुल सिंह जांच करने पहुंची। उन्होंने बताया कि हड़ताल स्थल के समीप पूर्व में सील किये गए कार्यालय में नियम विरूद्ध लाइसेंस बनाने का कार्य किया जा रहा था। इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी ने दो व्यक्तियों के पास से अलग–अलग नाम के 10 लाइसेंस बरामद करते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

***************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के चलते आम जनता के अलावा पुलिस और वकील भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा रांची में दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं। इससे राज्य की छवि खराब हो रही है।

मौके पर श्री सेठ ने कहा कि रांची में बहुत जल्द केंद्र सरकार के सहयोग से कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण कराया जाएगा। 200 बेड वाले इस हॉस्टल में कामकाजी महिलाएं रह सकती हैं। इसके लिए राज्य सरकार से उन्होंने जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

***************

दुमका जिले के बासुकीनाथ धाम राजकीय श्रावणी मेला क्षेत्र में अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम ने बस पड़ाव स्थित एक चाय दुकान में छापेमारी की, जहां से विदेशी शराब की बोतलें जब्त की गई। दुकान में अवैध रूप से इनका भंडारण किया गया था। दुकान संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर विक्रम कुमार ने बताया कि लगभग 10 लीटर से अधिक विदेशी शराब और 24 लीटर बियर बरामद किया है।

***************

लोहरदगा जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं.।

***************

गोड्डा के सिविल सर्जन डॉ अनंत झा एवं अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महागामा का निरीक्षण किया। कई लोगों ने अस्पताल के लेबर रूम से मरीज को निजी क्लीनिक भेजने की शिकायत की थी। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल के जो भी कर्मी इस तरह के कार्य में संलिप्त होंगे, उन पर कार्रवाई की जाएगी।

***************

हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण खेल प्रतिभा को बढावा देने के उद्देश्य से ''खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट – 2024'' का आयोजन कर्जन ग्राउंड में किया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने टूर्नामेंट की शुरुआत की।

आयोजनकर्ता के रूप में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर मंच देना है ताकि वे अपना हुनर दिखा सके। इस टूर्नामेंट में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की कुल 75 बालक और बालिकाओं की टीमें भाग ले रही हैं। .

***************

पेरिस ओलिंपिक में भारतीय हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंडिया ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4–2 से हरा दिया। फुलटाइम मैच में दोनों टीमों का स्कोर 1–1 से बराबर था। शूटआउट में भारत ने लगातार 4 गोल किए। ब्रिटेन की टीम सिर्फ दो गोल कर पाई। भारतीय गोलकीपर श्रीजेश जीत के हीरो रहे, जिन्होंने 2 गोल बचाए। सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जर्मनी और अर्जेंटीना के विजेता से 4 अगस्त को होगा।

इधर, भारत और श्रीलंका के बीच एकदिवसीय तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में जारी है।

***************

झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नेता प्रतिपक्ष को दो मिनट सुनने का साहस राज्य सरकार के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवाओं और अनुबंधकर्मियों को किये गए वादों का जवाब देने से भी राज्य सरकार बचना चाहती है।

***************

कल सावन की तीसरी सोमवारी है। इसको लेकर देवघर जिला प्रशासन पूरी तैयारी में जुट गया है।

********समाप्त********